>

Title: Need to construct an airport at Agra in Uttar Pradesh.

प्रो. रामशंकर (आगरा): मेरा लोक सभा क्षेत्र आगरा, जिसका मैं संसद में प्रतिनिधित्व करता हूं, विश्व की ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। विश्व में पर्यटन की दृष्टि से भी आगरा का विशेष महत्व है। आगरा में प्रतिदिन विश्व के अनेक स्थानों से वीआईपी व्यक्तियों एवं देशी पर्यटकों का भारी संख्या में आना-जाना रहता है। हस्तशिल्प के क्षेत्र में भी आगरा का विशेष महत्व है। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल होने के नाते आगरा में हवाई यात्रा की कोई सुविधा नहीं है। इसके लिए मैं पहले ही कई पत्रों द्वारा सरकार को अवगत करा चुका हूं। मेरी सरकार से मांग है कि आगरा में हवाई अड्डा बनाया जाए। हवाई अड्डे का निर्माण होने तक हवाई यात्रा आगरा एयरफोर्स के हवाई अड्डे से शुरू की जाए तथा दिल्ली से मुम्बई तथा दिल्ली से लखनऊ वाया आगरा प्रतिदिन हवाई सेवा शुरू की जाए।